आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 27.01.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- राजधानी देहरादून सहित प्रदेशभर में प्रथम "समान नागरिक संहिता दिवस" मनाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा— आज का दिन उत्तराखंड के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित रहेगा।
- प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग को मिले दस और प्रयोगशाला सहायक। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- टिहरी झील में चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ऐक्रो फेस्टिवल शुरू। ग्यारह देशों के खिलाड़ी ले रहे हिस्सा।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी, निचले हिस्सों में बारिश। तापमान में आई गिरावट।

<u>मुख्यमंत्री / यूसीसी</u>

राजधानी देहरादून सहित प्रदेशभर में आज प्रथम "समान नागरिक संहिता दिवस" मनाया गया। देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज का दिन उत्तराखंड राज्य के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि यूसीसी लागू होने से न केवल प्रदेश के सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं, बल्कि राज्य में महिला सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत भी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता किसी धर्म या पंथ के खिलाफ नहीं है, बल्कि ये समाज की कुप्रथाओं को मिटाकर सभी नागरिकों में "समानता से समरसता'' स्थापित करने का एक कानूनी प्रयास है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यूसीसी को तैयार करने वाली समिति के सदस्यों, कुशल क्रियान्वयन करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों और पंजीकरण में योगदान देने वाले वीएलसी को भी सम्मानित किया। उन्होंने यूसीसी पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

<u>यूसीसी प्रदेश</u>

यूसीसी के एक साल पूरा होने पर पिथौरागढ़ ज़िला मुख्यालय स्थित रामलीला मैदान सदर में आयोजित कार्यक्रम में यूसीसी के प्रति जन—जागरुकता को लेकर नुक्कड़ नाटक के साथ ही डाक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बताया कि जिले में यूसीसी के माध्यम से लगभग 29 हजार लोगों ने विवाह पंजीकरण कराया है।

उधर, अल्मोड़ा में आयोजित कार्यक्रम में यूसीसी को लेकर विशेष कार्य करने वाले पंचायत राज अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी राम जी शरण शर्मा ने बताया कि अल्मोड़ा जिले में यूसीसी लागू होने के बाद 25 हजार से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया है। उन्होंने कहा कि यूसीसी को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

वहीं, उत्तरकाशी, ऊधमसिंह नगर, टिहरी, बागेश्वर और चम्पावत जिले में भी आज प्रथम "समान नागरिक संहिता दिवस" मनाया गया।

प्रयोगशाला सहायक

प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग को विज्ञान वर्ग के विभिन्न विषयों के दस और प्रयोगशाला सहायक मिल गये हैं। इनमें भौतिक विज्ञान विषय में एक, जन्तु विज्ञान में तीन, वनस्पति विज्ञान में चार और भूगोल में दो अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को प्रदेश के दुर्गम क्षेत्र के महाविद्यालयों में प्रथम तैनाती दी गई है। राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित इन प्रयोगशाला सहायकों को विभागीय मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज देहरादून में नियुक्ति पत्र वितरित किये। उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालयों में प्रयोगशाला सहायकों की नियुक्ति से विभिन्न विषयों में प्रायोगात्मक कक्षाओं का सुचारू संचालन होगा। साथ ही छात्र–छात्राओं को प्रयोगशाला में विभिन्न प्रायोगिक कार्यों की सुविधा मिलेगी।

ऐक्रो फेस्टिवल

टिहरी झील में आज से अंतर्राष्ट्रीय ऐक्रो फेस्टिवल शुरू हो गया है। चार दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिवल में 11 देशों के खिलाड़ी ऐक्रोबेटिक्स जैसे साहसिक खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। उद्घाटन समारोह में स्थानीय विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से जहां क्षेत्र की पहचान वैश्विक स्तर पर बनेगी, वहीं स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ऐक्रो फेस्टिवल के आयोजन से जिले में पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

अंतर्राष्ट्रीय ऐक्रो फेस्टिव में एरियल सिल्क, एरियल हूप और स्लैकलाइन सहित विभिन्न रोमांचक गतिविधियों का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पर्यटक पहुंच रहे हैं।

मौसम

प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में आज बर्फबारी होने से तापमान में कमी आई है। राजधानी देहरादून सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में रुक–रुक कर बारिश हुई और आसमान में बादल छाए हैं। चमोली जिले में

बदरीनाथ, माणा, हेमकुंड साहिब और नीति घाटी सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, देहरादून, रुद्रप्रयाग, चमोली, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं—कहीं भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा देहरादून, पौड़ी, टिहरी, हरिद्वार, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिलों में कहीं—कहीं ओलावृष्टि तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए प्रदेश के कुछ जिलों में आज कक्षा एक से 12वीं तक के सभी आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय, अशासकीय और निजी विद्यालय बंद रहे।

## जन—जन की सरकार

रुद्रप्रयाग जिले में 'जन—जन की सरकार, जन—जन के द्वार' कार्यक्रम के तहत आज ग्राम पंचायत पौंठी में बहुउद्देशीय शिविर लगाया गया। इस दौरान जखोली के उप जिलाधिकारी भगत सिंह फोनिया ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों की अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को समय पर निस्तारित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। इसके अलावा ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। उप जिलाधिकारी भगत सिंह फोनिया ने कहा कि 'जन—जन की सरकार, जन—जन के द्वार' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशासन को जनता के और अधिक निकट लाया जा रहा है।